सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 68 | इंदौर, बुधवार 13 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## एक ऐसा गांव जो विघ्नहर्ता की स्थापना से डरता है

### सौ साल में नहीं स्थापित की प्रतिमा; मान्यता- गणेश उत्सव मनाने पर शुरू हो जाता है मौत का सिलसिला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुलताई।** एक सप्ताह में गणेश चतुर्थी घर-घर में मनाई जाएगी, लेकिन इस गांव की कहानी अलग है। गणेशजी का एक नाम विघ्नहर्ता भी है। मान्यता है कि हर तरह के विघ्न हर लेते हैं, लेकिन इस गांव के लोगों की करीब एक सदी पुरानी परंपरा है कि ये गणेश पूजन के लिए गांव में प्रतिमा स्थापित नहीं करते। हम बात कर रहे हैं मुलताई से 80 किमी दूर बसे गांव तरोड़ा बुजुर्ग की। यहां के लोगों का मानना है कि गांव में गणेशजी की प्रतिमा स्थापित करने से मौत का सिलसिला शुरू हो जाता है। अजब लोग गजब परंपरा में आज इसी गांव की बात।

### क्यों डरते हैं गांव के लोग पढिए पूरी कहानी

तरोड़ा बुजुर्ग में लगभग 250 घरों की बस्ती है। यहां 2200 लोग रहते हैं। गांव में मुख्य काम खेती और मजदूरी है। इस गांव में गणेश पूजन न करने की विचित्र परंपरा है। ऐसा जानकर आपको ये भ्रम हो सकता है कि इस गांव के लोग या तो कम धार्मिक हैं या नास्तिक हैं। ऐसा कतई नहीं है। यहां के लोग बेहद धार्मिक हैं। गांव में हर साल धूमधाम से दुर्गा उत्सव मनाया जाता है, लेकिन गणेश उत्सव मनाने पर पूरी तरह प्रतिबंध है। गांव के सरपंच दयाल पंवार बताते हैं पुरानी मान्यता के चलते गांव में गणेश प्रतिमा न स्थापित करने की परंपरा सालों से चली आ रही देख रहे हैं।

## विधानसभा चुनाव वर्ष के अंत में : विधायकों में खर्च करने की होड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। लिहाजा जिले के सभी विधायकों में विकास कार्य के लिए अपनी निधि खर्च करने की होड़ लगी हुई है। सात विधायकों ने कुल 17 करोड़ 50 लाख रुपए की निधि में से 15 करोड़ 90 लाख रुपए से अधिक के 576 कामों की अनुशंसा कर प्रस्ताव बनाकर भेज दिए हैं। उक्त प्रस्तावों में से 11 करोड़ 03 लाख रुपए के 373 कार्य स्वीकृत होने के बावजूद इनमें से 201 कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाए हैं।

# कांग्रेस प्रत्याशियों पर दिल्ली में मंथन

## साढ़े 4 घंटे चली स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक, 100 सीट पर चर्चा; कमलनाथ बोले- अभी नाम फाइनल नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक बुधवार को दूसरे दिन दिल्ली में शुरू हो चुकी है। बैठक में मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों पर मंथन हो रहा है। इससे पहले मंगलवार को साढ़े चार घंटे चली बैठक में 100 सीट पर चर्चा की गई। टिकट के क्राइटेरिया को लेकर भी कमेटी के सदस्यों ने बात की।**

मंगलवार को हुई बैठक के बाद रूक्क कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा, अभी हमने 100 सीट पर नामों को लेकर चर्चा की है। कोई नाम फाइनल नहीं किया है।' स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भंवर जितेंद्र सिंह ने बताया, '150 सीट पर चर्चा की गई। अंतिम फैसला नहीं लिया गया है।' दिल्ली में कांग्रेस के वार रूम में मंगलवार शाम करीब 6 बजे बैठक शुरू हुई थी। यह रात 10.30 बजे तक चली। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मौजूद रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह भी बैठक में शामिल हुए।

मप्र के प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मंगलवार की बैठक खत्म होने के बाद कहा, 'प्रजातांत्रिक प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत की है। कई प्रकार की चर्चा हुई। मापदंडों पर चर्चा हुई कि कौन सबसे बेहतर उम्मीदवार हो सकता है, जीत सकता है, कौन मप्र में कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ा सकता है, किसके पास सबसे अधिक जनमत है, कौन मप्र में आदिवासियों, दलित, ओबीसी, गरीब, युवा, महिलाओं की आवाज जाति से ऊपर उठकर बुलंदी से उठा सकता है।' उन्होंने कहा, 'बहुत जल्द हम बेहतरीन से बेहतरीन उम्मीदवार लेकर आएंगे। स्क्रीनिंग कमेटी के बाद ये मामला केंद्रीय चुनाव समिति में जाएगा। केंद्रीय चुनाव समिति फाइनल निर्णय करेगी। प्रदेश में पांच दिन तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों से लेकर जिला अध्यक्षों और पार्टी के अग्रिम संगठनों और पार्टी कार्यकर्ताओं से बात की। जिन्होंने कांग्रेस की टिकट के लिए अप्लाई किया, उन्हें थोड़ी तकलीफ भी हुई, क्योंकि संख्या बहुत ज्यादा है, लेकिन यह दर्शाता है कि झूठों के राजा शिवराज का समय खत्म हो गया है।



### हर सीट पर चर्चा होगी, कमलनाथ 16 को पीसी करेंगे

सुरजेवाला ने कहा, '230 सीटें हैं। लगभग हर सीट पर मंत्रणा होगी। उसके बाद सहमति बनाने की प्रक्रिया होगी। कर्नाटक में सबने देखा कि एक दिन में इन सब बातों का निर्णय नहीं हो सकता। कल फिर चर्चा होगी। 16 सितंबर को एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस पीसीसी चीफ एक नए कार्यक्रम को लेकर भोपाल में करेंगे। हमारी मंत्रणा, सहमति और सद्भाव पूर्ण वातावरण में हुई। और हर प्रकार से मप्र को जिताने का माहौल पैदा करने के लिए बात हुई।'

### सीएम एक लाख घोषणा कर चुके, उन्हें खुद याद नहीं

सुरजेवाला ने कहा- काफी सीटों पर मंत्रणा हुई। ये निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। यह एक दो दिन में खत्म नहीं होगी, लेकिन हमारा लक्ष्य केवल एक है। जिस शिवराज ने18 सालों में झूठों के राजा ने मप्र की जनता को दोनों हाथों से लूटा है। पिछले 25 दिनों में तीन हजार घोषणाएं शिवराज सिंह चौहान कर चुके हैं। पिछले 18 सालों में एक लाख घोषणाएं कर चुके। उन्हें खुद भी याद नहीं कि उन्होंने कौन सी, कितनी घोषणाएं की हैं। शाम को पूछो कि सुबह से कितनी घोषणाएं कर चुके तो यह उन्हें मालूम नहीं। दोनों हाथों से वो झूठ बोलकर प्रदेश के खजाने को लुटाने की कोशिश कर रहे हैं। जिसका कोई सिर - पैर नहीं। शिवराज सिंह को मालूम है सुनने वालों को भी पता है कि इनमें से कुछ कभी लागू नहीं हो सकता है, इसलिए वे अब लिफाफेबाजी और इश्तेहार बाजी पर उतर आए हैं। हमें यह सुनिश्चित करना है कि कांग्रेस के द्वारा दिया गया हर शब्द, कमलनाथ द्वारा की गई हर बात पत्थर की लकीर हो।

# योगी के आने के पहले शिवाजी वाटिका पर तैयारियां



## ◆ दोपहर में करेंगे लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ पर प्रतिमा स्थल पर बनाए गए किले का लोकार्पण 13 सितंबर को दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा। इस समारोह के खास आकर्षण होंगे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।**

इस समारोह की तैयारियां और व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौड़, मेयर इन कौंसिल के सदस्य नंदकिशोर पहाडिय़ा, बबलू शर्मा, राजेश उदावत और अश्विन शुक्ल विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान महापौर भार्गव ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम मंच, ट्रैफिक, सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं के बारे में दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर आयुक्त और नगर निगम के अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इस के अलावा श्री अहिल्योत्सव समिति द्वारा आयोजित देवी अहिल्या बाई की 228 वीं पुण्यतिथि पर 13 सितंबर को दोपहर तीन बजे रविन्द्रनाट्य गृह में आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। यहां पर गुणीजन सम्मान एवं पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है।

# सांसद और विधायक बनने के लिए परीक्षा ली जाएं

## अभ्यास मंडल के मंच पर सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विचारक अश्विनी उपाध्याय ने बैबाकी के साथ कहा कि यदि रानी अहिल्या बाई के सपनो का भारत बनाना हैं तो हमें शिक्षा का भारतीयकरण करना होगा और न्यायिक व्यवस्था में सुधार करना होगा। जब तक कानून कड़े नहीं होंगे और लोगों में डर नहीं होगा, देश संस्कारी और बेहतर नहीं बनेगा।**

वें अभ्यास मंडल् के 65 वें स्थापना दिवस पर जाल सभागृह में मुख्य वक्ता बतौर बोल रहे थे। रानी अहिल्या बाई के सपनों का भारत पर बोलते हुए उन्होंने आगे कहा कि अंग्रेजों ने देश को लूटने खसोटने के लिए कानून बनाये थे और वही कानून हमने अडॉप्ट कर लिए। ऐसे में देश मे अच्छी कानून व्यस्था कैसी हो सकती है। हमारे कानून इतने लचीले हैं कि उसका जनता में डर ही नही हैं ऐसे कानूनों को बदलने कि जरूरत है। लार्ड मेकाले की शिक्षा को बदलने की जरूरत है , क्योंकि इससे भारतीयता का ह्रास हो रहा है। इसे बदलने की आवश्यकता है। यह जानकारी मिडीया प्रभारी प्रवीण जोशी ने दी।



उप्पाध्याय ने आगे कहा कि सम्राट चन्द्रगुप्त के काल में भारत की जीडीपी 40 प्रतिशत थी, लेकिन आज 8 फीसदी है, क्योंकि टैक्स अधिक है। जब तक देश में एक विधान, एक समान कानून और एक जैसी शिक्षा नहीं होगा देश में सही सुधार नही आयेगा। विधायक और सांसदो के लिए भी एक परीक्षा होना चाहिए ताकि सही, ईमानदार और शिक्षित व्यक्ति संसद और विधानसभा में पहुँचे। यदि प्राथमिक शिक्षा से ही बच्चों को योग की शिक्षा दी जाए तो स्वास्थ्य का 25 फीसदी बजट कम हो सकता है। इंदौर को सफाई में तो हमने नंबर वन बना दिया है अगर हर वार्ड मे एक योग केंद्र शुरू होगा तो स्वस्थ में भी हम आगे होंगे। एलोपेथी चिकित्सा एक बीमारी ठीक करती है और दूसरी बीमारी पैदा करती है अतः वैदिक चिकित्सा को बढ़ावा दिया जाए। अष्टांग योग का प्रचार हो। सूर्य नमस्कार से बाद कोई योग नही हौ।

इस अवसर पर निबंध और भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरुस्कार वितरित किये गए। मंच पर अभ्यास मंडल् के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, सचिव नेताजी मोहिते, अशोक कोठारी, वैशाली खरे विशेष रूप से उपस्थित थे। 65वीं स्थापना दिवस पर अभ्यास मंडल ने 65 दिए प्रज्वलित किए। कार्यक्रम का संचालन माला सिंह ठाकुर ने किया। आभार माना रामेश्वर गुप्ता ने। अतिथि स्वागत मुरली खंडेलवाल ने किया। जयंत भिसे ने प्रतिक चिह्न प्रदान किये। कार्यक्रम मे डॉ, ओ, पी, जोशी, सुनील माकोड़े, रजनी भंडारी, बालकृष्ण निलोसे, गौतम कोठारी, हरेराम वाजपेई, आलोक खरे सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## सायबर सुरक्षा के महत्व को समझे : डॉ. वरूण कपूर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ब्लैक रिबन इंनोवेटिव संदेश अभियान के तहत डॉ. वरूण कपूर-अति. पुलिस महानिदेषक इन्दौर द्वारा गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर में सायबर सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर 634वीं कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यषाला में कॉलेज के 254 छात्र-छात्राओं एवं 27 अध्यापकगणों ने भाग लिया। कार्यशाला में स्कूल के डायरेक्टर श्री गोपाल अग्रवाल एवं प्राचार्य टी. आर. ब्राउन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला के प्रारंभ में स्कूल के डायरेक्टर गोपाल अग्रवाल द्वारा डॉ. वरूण कपूर को प्लांट भेट कर स्वागत किया गया। डॉ. कपूर द्वारा सायबर सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध में छात्र-छात्राओं को सायबर स्टॉकिंग, फिषिंग, सायबर ग्रुमिंग एवं गेमिंग इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें बताया गया कि सायबर अपराध तभी संभव है जब हम लापरवाह होंगे। हम सायबर अपराध को जाने, अनदेखा न करें। हमें भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हमारे द्वारा प्रतिदिन ऑनलाईन शॉपिंग, गेमिंग, जॉब, अपना डाटा स्टोर एवं शेयरिंग के साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाईन स्टडी एवं सोषल नेटवर्किंग का उपयोग किया जाता है। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाली दो छात्र-छात्राओं को क्रमशः पलाश एवं मान्या को डॉ. कपूर ने प्रमाण-पत्र व गोल्डन बैज प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यशाला के समापन अवसर पर डॉ. वरूण कपूर को डायरेक्टरगोपाल अग्रवाल द्वारा प्रमाण पत्रएवं प्राचार्य टी. आर. ब्राउन द्वारा स्मृति चिन्ह भेट किया गया। सेमिनार के सफल संचालन में निरीक्षक श्रीमती पूनम राठौर व उनकी टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सामूहिक क्षमापना एवं तपस्वी सम्मान समारोह 24 सितंबर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । श्वेताम्बर जैन महासंघ न्यास की ओर से आगामी 24 सितम्बर, रविवार को प्रातः 9 बजे एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका मे सामूहिक क्षमापना एवं तपस्वी सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेंगा। संपूर्ण आयोजन नगर के मन्दिर उपाश्रयो स्थानको मे विराजित आत्म साधक संत मंडल तथा महासती मंडल की निश्रां में होगा।यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष कैलाश नाहर और प्रचार प्रमुख योगेंद्र सांड ने बताया कि समारोह आचार्य पदम भूषण सुरि आचार्य पूणार्नंद सूरी राष्ट्रसंत कमलमुनि उपाध्याय दिव्यचंद विजय म .सा.आदि आचार्य विशेष रूप से उपस्थित रहेगे। महासचिव विमल तांतेड ने बताया कि सम्मान समारोह के लाभार्थी श्रीमती उर्मिला प्रकाश चंद्र कांकरिया रहेंगे।

### अहिल्या जयंती के अवसर पर राजवाड़ा स्थित प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण





कटाक्ष




## "उमंग स्कूल हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम" के तहत जनजातीय कार्य विभाग के जिला अधिकारी एवं सीएम राइज स्कूल के प्राचार्यों हेतु उन्मुखीकरण कार्यशाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जीवन कौशल शिक्षा "उमंग स्कूल हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम" के अंतर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला इंदौर एवं उज्जैन संभाग जनजातीय कार्य विभाग के 9 जिला स्तरीय अधिकारी एवं सी.एम.राईस विद्यालय के 38 प्राचार्यों हेतु इंदौर में दिनांक 12 सितम्बर 2023, को आयोजित हुई I कार्यक्रम का शुभारंभ श्री. ब्रजेश पाण्डेय, उपायुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, इंदौर संभाग द्वारा किया गया।**




उनके उद्बोधन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु जीवन कौशल शिक्षा कर्क्रम उमंग के महत्व पर ज़ोर दिया गया तथा सभी स्कूलों में कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। श्री अनुराग सोनवलकर, राज्य कार्यक्रम अधिकारी, यूएनएफपीए, भोपाल व श्रीमती अंजली अग्रवाल, निदेशक, बीजीएमएस द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा व विद्यार्थियों पर इसके प्रभाव के विषय में संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि "उमंग स्कूल हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम" आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग व यूएनएफपीए व उसकी सहयोगी संस्था बीजीएमएस के सहयोग से प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। किशोरावस्था जीवन का वो महत्वपूर्ण पड़ाव है जिसमें विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन की अत्यंत आवयश्कता होती है I उमंग जीवन कौशल कार्यक्रम विद्यार्थियों को जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनता है व उनमें सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध हुआ है। एक दिवसीय कार्यशाला में उमंग कार्यक्रम के संचालन के विषय में विस्तृत चर्चा हुई व कार्यक्रम को अधिक सुदृढ़ करने हेतु ज़िला अधिकारियों व प्राचार्यों की भूमिका को चिन्हित कर कार्य योजना विकसित की गई।

# आरटीओ में महज साढ़े तीन हजार आए कार्ड, फिर होगी किल्लत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में व्यवस्थाएं हैं कि सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। अफसरों की लापरवाही के चलते आमजन के काम भी समय पर नहीं हो पा रहे हैं। ड्राइविंग लाइसेंस शाखा का बिगड़ा ढर्रा भी सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। पहले ड्राइविंग लाइसेंस कार्ड का टोटा और अब अधिकारी के थंब न लगने से सैकड़ों कार्ड अटक गए हैं। मुख्यालय से ड्राइविंग लाइसेंस के लिए कार्ड तो आए, लेकिन वह ऊंट के मुंह में जीरा समान ही हैं। कार्ड का टोटा होने वाला है। पेंडेंसी है कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। आवेदक कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

प्रदेश में परिवहन विभाग को सबसे अधिक राजस्व देने वाला क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में आवेदकों को राहत नहीं मिल रही है। सरकार चाहे कितना ही दावा करे कि परिवहन विभाग में अब घर बैठे आवेदकों के काम हो रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि आवेदकों को छोटे-छोटे काम के लिए अफसर कार्यालय के चक्कर लगवाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस तो बन जाता है, लेकिन जब उसे परमानेंट बनवाने जाना होता है तो दस्तावेज से लेकर अन्य कार्य के लिए आवेदकों को कार्यालय ही आना पड़ता है। इसके बाद उसे टेस्ट के नाम पर परेशान किया जाता है। फिर फोटो के लिए लंबी-लंबी कतार में लगना पड़ता है।

परिवहन विभाग के पास ड्राइविंग लाइसेंस कार्ड खत्म होने पर नए और रिन्युअल कार्ड की पेंडेंसी दस हजार तक पहुंच गई थी, लेकिन मुख्यालय ने महज 3500 ही कार्ड भेजे हैं। अब ये कार्ड अफसर भी पहले एवजियों द्वारा रिकमेंट किए गए एजेंट्स के लिए निकाल रहे हैं, जिससे पहुंच वाले एजेंट्स को कार्ड पाने में सफल हो रहे हैं। कई एजेंट ऐसे हैं जो परेशान हो रहे हैं। वहीं आवेदक चक्कर काट रहे हैं।

# इंदौर में नई पीढ़ी की चिंता नहीं की तो भविष्य हमें कोसेगा- आष्ठाना

## डेवलपमेंट फाउंडेशन की महिला आरक्षण पर केंद्रित पुस्तिका वार्ता का विमोचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । वरिष्ठ शिक्षाविद कृष्ण कुमार आष्ठाना ने कहा है कि इंदौर में हमें नई पीढ़ी की चिंता करना होगी । यदि यह चिंता हमने नहीं की तो आने वाले कल में भविष्य की पीढ़ी हमें कोसेगी और कभी माफ नहीं करेगी । वे यहां अभिनव कला समाज के सभागार में आयोजित डेवलपमेंट फाउंडेशन के कार्यक्रम में महिला आरक्षण पर केंद्रित पुस्तिका वार्ता के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 110 साल पहले स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में भाषण दिया था । इंदौर की धरती अपने आपमें इतनी संपदा समेटे हुए हैं कि यह शहर आदर्श बन गया है । आज भारत और विदेशों से भी लोग आकर इस शहर को देख रहे हैं । ऐसे में जरूरी है कि शहर के नागरिक शहर के विकास से जुड़े । अपनी रुचि के कामों से अपने आपको जोड़ लें । इस समय नशाखोरी एक बड़ा चिंता का विषय बन गया है । भावी पीढ़ी की चिंता करना हमारा दायित्व है । यदि यह चिंता हमने नहीं की तो भविष्य की पीढी हमें कोसेगी ।



### जन आशीर्वाद यात्रा में वीडी शर्मा का कांग्रेस पर निशाना

# बोले-कांग्रेस सरकार में योजनाओं के लिए भेजे रुपए उनके बिचोलिए हड़प लेते थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी**। बड़वानी जिले की पानसेमल विधानसभा में जन आशीर्वाद यात्रा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में योजनाओं के लिए जो रुपए भेजे जाते थे उनको बिचौलिए और दलाल हड़प कर ले जाते थे। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि हम केन्द्र से 1 रुपया भेजते हैं तो जनता तक 15 पैसे ही पहुंचते हैं मैं पूछना चाहता हूं कांग्रेसियों से कि गरीब जनता के 85 पैसे खाने वाले वो कौन लोग थे? प्रधानमंत्री गरीब परिवार के बेटे हैं इसलिए वो जानते हैं कि गरीब का दर्द क्या होता है। प्रधानमंत्री जी ने शपथ लेते ही कह दिया कि मेरी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है, उन्होंने तय कर दिया कि देश में कोई गरीब बिना इलाज के और बिना पक्का मकान के नहीं रहेगा, इसलिए उन्होंने आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना देशवासियों को दी।

वहीं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने डॉ. अम्बेडकर और उनके संविधान का अपमान किया है। यह बात उन्होंने निवाली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि आशीर्वाद क्या होता है और कौन मांगता है यह बीजेपी का हक है क्योंकि भाजपा काम करती है और मतदाता भाजपा को अपना आशीर्वाद देते भी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसका गठबंधन राम के अस्तित्व को ही नकारता है वह सनातन धर्म को जड़ से मिटाना चाहते हैं जिसमें वे कभी सफल नहीं होंगे, क्योंकि कांग्रेस और उसके गठबंधन ने हमेशा धर्म का अपमान ही किया है। बहुत जल्द मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। कांग्रेस और उसके साथी कभी शिव, कभी देवी, कभी हनुमान के भक्त बनकर आपके सामने आएंगे। जिससे आपको सावधान रहना होगा क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा ही हिंदुओं का अपमान किया है।



वही केंद्रीय मंत्री पहलाद पटेल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के लिए लगातार योजनाएं बनाकर काम कर रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार की योजनाओं का प्रदेश हर आम नागरिक पूरा लाभ ले रहा है उसका जीवन स्तर भी ऊंचा हुआ है। कांग्रेस और उसके गठबंधन के साथियों का एक ही काम है कि मोदी हटाओ और शिवराज सिंह सरकार को हटाओ लेकिन इसमें वह सफल नहीं होंगे। सभा को प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वी डी शर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने समाज के हर तबके के लिए योजना बनाई है और उसको लाभ दिया है। आने वाले समय के लिए अभी से योजना भी बना रहे हैं खासकर दलित आदिवासियों और वंचितों के लिए तो भाजपा सरकार विशेष चिंता कर रही है।

गौरतलब है कि बीजेपी प्रदेश भर में जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रही है। इसी के चलते यहां यात्रा कर बड़वानी जिला पहुंची थी। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि इस जन आशीर्वाद यात्रा में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और मध्य प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा ने यात्रा को शामिल रहे। जन आशीर्वाद यात्रा के पहले बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिकों ने इसका स्वागत किया।

यात्रा के आगे बड़ी संख्या में भाजपा के युवा कार्यकर्ता दो पहिया वालों पर सवार होकर रैली के रूप में चल रहे थे। यहां पर प्रदेश के मंत्री प्रेम पटेल ,सांसद गजेंद्र सिंह पटेल अंतर सिंह आर्य, आईडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, प्रदेश यात्रा प्रभारी अश्विनी राय, राउ के पूर्व विधायक जीतू जिराती, प्रदेश भाजपा के सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन, पूर्व सांसद सुभाष पटेल भाजपा के जिला अध्यक्ष ओम सोनी लोकेश शर्मा, राज्य सभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, राजेश सोनकर पूर्व विधायक दीवान सिंह पटेल तथा कन्हैयालाल सिसोदिया व भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। यात्रा निवाली से पलसूद,सिलावद, जुनाझिरा होते हुए देर रात को बड़वानी पहुंची।

### वन भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद

## गुर्जरों ने आदिवासियों को पीटा, भड़के आदिवासियों ने लगाया जाम

### पुलिस ने किया मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

शिवपुरी। शिवपुरी जिले कोलारस थाना क्षेत्र टामकी गांव के पास वन भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर मंगलवार की शाम आदिवासियों और गुर्जरों के बीच विवाद हो गया। इस झगड़े में गुर्जर पक्ष ने आदिवासियों की जमकर मारपीट कर दी। इससे भडक़े आदिवासियों ने देहरदा गणेश रोड़ को जाम कर दिया।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोलारस थाना पुलिस ने समझाइश के बाद आदिवासियों को सडक़ से हटाया। आदिवासियों का आरोप था कि गुर्जर पक्ष ने बंदूकों से हवाई फायर झोंखे और हमारे घर की महिलाओं को भी लाठियों से पीटा है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

देहरदागणेश गांव के रहने वाले रामनिवास ने बताया कि पतीली के जंगल में रहने के लिए कच्चे मकान बनाने के लिए पत्थर की दीवार उठा रहे थे। इसी दौरान टामकी के बहादुर गुर्जर, मस्तराम गुर्जर और वीरू गुर्जर और उनके साथ अन्य लोग हाथों में बन्दूक और लाठी-डंडे लेकर आए और जमीन खाली करके जाने की बात कहने लगे।

जब हमने उक्त जमीन को सरकारी जमीन बताकर कच्चे घर बनाने की बात कही तो कुछ ने हवाई फायर कर दिए। इसके बाद हमें पीटना शुरू कर दिया उनके द्वारा हमारी घर की महिलाओं को भी पीटने ने नहीं छोड़ा। मारपीट में मुरारी आदिवासी उसकी पत्नी रामश्रीबाई आदिवासी, प्रकाश आदिवासी, केराबाई आदिवासी, ओमाबाई आदिवासी, रामकली आदिवासी, लखन आदिवासी घायल हुए हैं।



# संपादकीय

## चिंता होना चाहिए

खालिस्तानी संगठन दरअसल, कनाडा को अब आतंकवाद की नर्सरी में तब्दील करते और उसे अपने मुख्यालय की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। अनेक खालिस्तान समर्थक चरमपंथी संगठन कई देशों में अपनी गतिविधियां चला रहे हैं, लेकिन कनाडा में ये अधिक सक्रिय हैं। प्रधानमंत्री ने ठीक ही कहा कि संगठित अपराध, मादक पदार्थ गिरोह और मानव तस्करी के साथ ऐसी ताकतों का गठजोड़ भारत ही नहीं, कनाडा की भी चिंता का विषय होना चाहिए। हालांकि ट्रूडो ने अपनी वही पुरानी प्रतिक्रिया दोहराई कि उनका देश शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की स्वतंत्रता की हमेशा रक्षा करेगा, हिंसा को रोकेगा और नफरत के लिए अपनी धरती का इस्तेमाल नहीं होने देगा। प्रधानमंत्री ने खालिस्तानी चरमपंथियों की भारत विरोधी गतिविधियों का मुद्दा उठाते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को भारत की चिंताओं से अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट उल्लेख किया कि खालिस्तानी चरमपंथी कनाडा में अलगाववाद को बढ़ावा और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भडका रहे हैं। राजनयिक परिसरों में तोडफ़ोड़ और भारतीय समुदाय तथा उनके पूजा स्थलों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने यह बात जोर देकर कही कि दोनों देशों के संबंधों की प्रगति के लिए परस्पर सम्मान और विश्वास पर आधारित संबंध बहुत आवश्यक हैं। भारत पहले भी कनाडा के समक्ष खालिस्तानी चरमपंथ के उभार और उससे खड़ी होने वाली चुनौतियों का मुद्दा उठाता रहा है, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री ने जी20 की व्यस्तताओं के बीच जस्टिन ट्रूडो से इस मामले में बात की। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हाल के दिनों में कनाडा में भारतीय समुदाय, विशेषकर राजनयिकों के खिलाफ प्रदर्शन, हिंदू मंदिरों पर हमले और दिवाली जैसे त्योहारों में खलल डालने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। इस प्रकार की अधिकतर घटनाओं में खालिस्तानी चरमपंथी तत्वों का हाथ रहा है, वे खुलकर इन घटनाओं की जिम्मेदारी भी लेते रहे हैं। पिछले दो साल में तो वैंकुवर, टोरंटो, सरे, ब्रैंपटन, मिसीसाग जैसे शहरों में स्थित अनेक हिंदू मंदिरों में तोडफ़ोड़ या विरुपित करने की करीब दर्जन भर घटनाएं सामने आई हैं। दरअसल, इसी साल जून में सिख फार जस्टिस संगठन से जुड़े चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की अज्ञात लोगों ने गोली मार कर हत्या कर दी। भारत की इकतालीस खूंखार आतंकियों की सूची में उसका भी नाम था।

**Quote...**

"When you reach the end of your rope, tie a knot in it and hang on."
-Franklin D. Roosevelt

MORARI BAPU


सत्य-प्रेम-करुणा...

**जिसको अहंकार आ गया... उस पर ना फिर दवा काम कर सकती है ....ना किसी के आशीर्वाद काम कर सकते हैं......**

।। राम कथा ।। मानस गुरु वंदना ।।

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान



# नासा को मिली 'दूसरी पृथ्वी', पानी से भरा है समुद्र, जीवन के भी मिले संकेत

**जानिए इस रहस्य के बारे में**

नासा के वैज्ञानिकों ने कई प्रकाश वर्ष दूर एक विशाल एक्सोप्लैनेट पर एक महासागर के होने का ऐलान किया है। उनकी मानें तो इसके साथ ही इस ग्रह पर संभावित जीवन की तरफ इशारा करने वाला एक रासायन भी मिला है। यह खोज नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप की तरफ से की गई है। नासा की मानें तो जो एक्सोप्लैनेट मिला है वह पृथ्वी से 8.6 गुना बड़ा है। साथ ही एजेंसी को K2-18 b ग्रह के वातावरण की नई जांच में मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड समेत कार्बन के प्रभाव वाले अणुओं की उपस्थिति का भी पता चला है।

### ◆ कैसे मिली जानकारी

जेम्स वेब की खोज हाल के अध्ययनों से जुड़ती है जो बताती है कि K2-18 b एक हाइसीन एक्सोप्लैनेट हो सकता है, जिसमें हाइड्रोजन समृद्ध वातावरण और महासागर से ढंके होने की संभावना है। नासा ने अपनी वेबसाइट पर लिखा है कि इस रहने योग्य क्षेत्र वाले एक्सोप्लैनेट के वायुमंडलीय गुणों के बारे में पहली जानकारी नासा के हबल स्पेस टेलीस्कोप से मिली है। इस नई तलाश ने आगे की रिसर्च के लिए वैज्ञानिकों को प्रेरित किया। नासा की मानें तो इस खोज ने सिस्टम के बारे में उनकी समझ को ही बदलकर रख दिया है।

### ◆ क्या है K2-18 b

K2-18 b रहने योग्य क्षेत्र में ठंडे एकदम छोटे बौने से तारे K2-18 की परिक्रमा करता है। यह पृथ्वी से 120 प्रकाश वर्ष दूर है। K2-18 b जैसे एक्सोप्लैनेट, जिनका आकार पृथ्वी और नेपच्यून के बीच है, सौर मंडल की किसी भी चीज से काफी अलग हैं। नासा की मानें तो निकटवर्ती ग्रहों की कमी की वजह से इन 'उप-नेपच्यून' को अक्सर कम करके आंका जाता है। इसके अलावा उनके वायुमंडल की प्रकृति खगोलविदों के बीच सक्रिय बहस का विषय है। नासा की मानें तो K2-18 b एक हाइसीन एक्सोप्लैनेट हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कुछ खगोलविद मानते हैं कि यह घटनाक्रम एक्सोप्लैनेट पर जीवन की तलाश की दिशा में नई उम्मीद देती हे।

### ◆ क्या सोचते हैं वैज्ञानिक

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के खगोलशास्त्री और इन नतीजों के बारे में बताने वाले लीड ऑथर निक्कू मधुसूदन ने बताया, 'परंपरागत रूप से, एक्सोप्लैनेट पर जीवन की खोज मुख्य रूप से छोटे चट्टानी ग्रहों पर केंद्रित रही है। लेकिन बड़े हाइसीन दुनिया वायुमंडलीय धारणा के लिए काफी अनुकूल हैं।' मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड का होना और अमोनिया की कमी इसी परिकल्पना का समर्थन करती है कि K2-18 b में हाइड्रोजन लैस वातावरण के नीचे एक महासागर हो सकता है।

## Highlights

1. *Ex-AIADMK MLA booked for disproportionate assets in Tamil Nadu*
2. *Hotel staff detected 'suspicious equipment' in China's G20 delegates' bags: Report*
3. *Actress Kriti Verma named in chargesheet in ₹263 crore fraud case*
4. *Avoid Swiggy & Zomato, let children have food cooked by mothers: Kerala HC*
5. *SC rejects Asaram's plea for suspension of sentence in rape case*

# Apple iPhone 15, iPhone 15 Pro and Apple Watch are keeping pace with the times

**NEW DEIHI, (Agency).** Apple has unveiled the expected annual updates for its iPhone and Apple Watch line-ups. The headline change for the iPhone 15 series is about finally making the switch to USB C standard, while Apple Watch Series 9 as well as the second-generation Apple Watch Ultra, bring improvements including newer processors and functionality.

Alongside are generational updates for iOS, WatchOS and perhaps even iPadOS, which will roll out for all users on September 18. Apple CEO Tim Cook confirmed that the Apple Vision Pro augmented reality headset, which was first demoed at the Worldwide Developer Conference (WWDC) this summer, is on course to go on sale in early 2024.

Somewhat overshadowed by the iPhone and Apple Watch updates are the second generation AirPods Pro wireless earbuds. The highlight here is the new




MagSafe charging case, with a USB-C charging interface. This will be priced at ₹24,900. It makes sense to bring the AirPods Pro at par with the rest of Apple's device ecosystem, including the new iPhones and the iPad Pro line-up.

While the iPhone 15 series is still four models wide, this generation marks the end of an era for the Lightning port and cables. This change is driven by the looming European Union regulations, which mandate the standardisation of USB-C as the charging port on smartphones, computing devices and broader personal technology gadgets. This is already the port type of choice for Android phones globally.

Since 2012, then with the iPhone 5, Apple iPhones persisted with Apple's proprietary charging port, called the Lightning port. It had its advantages, such as the reversible nature of being plugged in, and had a distinct transfer bandwidth advantage over the USB standard. Before Lightning, Apple iPhones had 30-pin connectors.

The iPhone 15 and iPhone 15 Plus are now made of aerospace grade aluminium, colour infused glass at the back, and metallic ions for colour saturation. There are new colours too, including pink, yellow and green. The performance upgrade brings it the A16 Bionic chip, which means parity with last year's iPhone 14 Pro.

# Clothing giant Zara's new security tech made shoplifting easy; retailer denies claims

**NEW DEIHI, (Agency).**

Inditex SA is racing to iron bugs out of a new anti-shoplifting system for its Zara stores, slightly delaying its rollout partly because the security tags were easy to identify and remove in initial tests, according to people familiar with the matter.

Chief Executive Officer Oscar García Maceiras unveiled the new technology in March and pledged to roll




it out for tests in all Zara stores worldwide over the summer. The system relies on tiny chips known as RFID, doing away with the hard plastic tags on garments that require checkout clerks to remove them. The new technology has run into teething issues. Staff in several countries have raised concerns to management that the technology may actually make theft easier, according to the people, who asked not to be identified. The problems come as retailers need to boost their defenses against an increase in shoplifting. The British Retail Consortium recently found that incidents of store theft increased by 27% last year across the UK's 10 largest cities amid the surge in inflation.

## Rajasthan

# भरतपुर में भीषण सड़क हादसा, ट्रक की टक्कर से बस में सवार 11 लोगों की मौत; 24 घायल

**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान के भरतपुर जिले में बुधवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हुआ है। ट्रक की टक्कर में बस में सवार 11 लोगों की मौत हो गई है। जबकि करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए है। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई है। पुलिस के मुताबिक भरतपुर के नदबई में हादसहा हुआ है। घायलों को जिला अस्पताल भरतपुर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा NH-21 पर स्थित हंतरा पुल पर होना बताया जा रहा है। मृतकों में 6 महिला व 5 पुरुष शामिल है। सभी मृतक व घायल भावनगर गुजरात के बताए जा रहे हैं। भरतपुर एसपी मृदुल कच्छावा ने समचार एजेंसी एएनआई को बताया कि जयपुर-आगरा हाइवे के नजदीक भरतपुर के हंतरा में यह सड़क हादसा हुआ है। एसपी के मुताबिक घायलों की संख्या एक दर्जन है। हालांकि, यह संख्या बढ़



सकती है। बस में 57 लोग सवार थे। जो कि घूमने के लिए मथुरा जा रहे थे। SP मृदुल कच्छावा पहुंचे मौके पर पहुंचे है। SP ने मौके पर पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली है। पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए है।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही रूपवास भरतपुर हाईवे पर दर्दनाक हादसा हुआ था। इस दौरान बस और कार में हुई जबरदस्त भिड़ंत में छह लोगों की जान चली गई थी। हादसे में एक ही परिवार के दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। परिवार के लोग एकादशी के मौके पर सीकर के रींगस इलाके में स्थित खाटू श्याम जी के दर्शन कर लौट रहे थे। टक्कर के बाद कार पूरी तरह से पिचक गई जिस वजह से अंदर फंसे लोगों के शव बुरी तरह से फंस गए थे.। शवों को कार से निकालने काफी मशक्क्त करनी पड़ी। सरकारी की तमाम सख्ती के बावजूद भी सड़क हादसों पर रोक नहीं लग पा रही है। राजस्थान में हर दिन सड़क हादसों में लोगों की मौत हो रही है।

## Jammu

### राजौरी मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, जवान भी शहीद, गोली लगने से लैब्राडोर डॉग केंट की मौत, तलाशी अभियान जारी

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू संभाग के राजोरी जिले में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिराया गया है। मुठभेड़ में सेना का एक जवान भी शहीद हो गया है। इसके अलावा एक पुलिस एसपीओ सहित तीन घायल हुए हैं।

एनकाउंटर में भारतीय सेना के कुत्ते केंट, 21 आर्मी डॉग यूनिट की छह वर्षीय मादा लैब्राडोर ने जम्मू-कश्मीर में चल रहे राजौरी मुठभेड़ ऑपरेशन के दौरान अपने हैंडलर की रक्षा करते हुए अपनी जान दे दी। केंट भाग रहे आतंकवादियों की तलाश में सैनिकों की एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रही थी। यह भारी गोलीबारी की चपेट में आ गई।

शहीद हुए सेना के जवान की पहचान 21 राष्ट्रीय राइफल्स के सिपाही जसविंदर सिंह के रूप में हुई है। वहीं तीन अन्य घायल सुरक्षा कर्मियों की पहचान सब इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ (एसपीओ) के रूप में की गई है। कांस्टेबल मोहम्मद रफीक और कांस्टेबल मोहम्मद इकबाल भी घायल हुए हैं। मारे गए आतंकी के पाकिस्तान का होने का शक है। मंगलवार से यह मुठभेड़ चल रही है। जवानों ने इलाके में तलाशी अभियान चला रखा है।

## Uttarpradesh

### आजम खान के ठिकानों पर इनकम टैक्स का छापा

**रामपुर, (एजेंसी) समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के ठिकानों पर आयकर विभाग की टीमों के छापे पड़ रहे हैं। बुधवार की सुबह-सुबह यूपी और मध्य प्रदेश में आजम खान के कई ठिकानों पर छापेमारी की है। कार्रवाई लगातार जारी है।**

बताया जा रहा है कि रामपुर, मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, लखनऊ और सीतापुर सहित कई शहरों में छापेमारी चल रही है। ये छापामारी मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट से जुड़ी बताई जा रही है। लखनऊ के रिवर बैंक इलाके में आजम के ठिकाने पर छापा पड़ा है। छापों में क्या मिला है यह अभी तक स्पष्ट नहीं है लेकिन सूत्रों के हवाले से पता चल रहा है कि इनकम टैक्स विभाग के पास आजम खान से जुड़े कई इनपुट थे जिनके आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

## Bihar

### बिहार : स्कूल के मिड-डे मील में निकली छिपकली, खाना खाते ही 24 बच्चों की हालत बिगड़ी

**सीतामढ़ी, (एजेंसी) बिहार के सरकारी स्कूलों में मिलने वाले खाने में छिपकली मिलने का मामला नहीं थम रहा है. अब सीतामढ़ी के सरकारी स्कूल का खाना (मिड-डे-मील) खाने से 24 से अधिक बच्चे बीमार पड़ गए. पांच की हालत को गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर करना पड़ा.**

यह मामला जिले के डुमरा प्रखंड की भासर मछहा दक्षिणी पंचायत के रिखौल गांव स्थित प्राथमिक स्कूल का है. सिर दर्द और उल्टी की शिकायत पर स्कूल प्रबंधन ने बाकी के खाने को नष्ट करा दिया. पीड़ित बच्चों को डुमरा पीएचसी भेजा. बताया गया है कि भोजन में छिपकली मरी हुई थी. हालांकि. इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है. एमडीएम डीपीओ इसकी जांच कर रहे हैं. पीड़ित बच्चों का डुमरा पीएचसी में इलाज चला. पीएचसी प्रभारी डॉ. अक्षय कुमार के नेतृत्व में इलाज किया गया. उपचार के बाद भी पांच बच्चों की तबीयत में सुधार नहीं होने पर उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. इन बच्चों में चंदन कुमार, सत्यम कुमार, चांदनी कुमारी, सोनाली कुमारी और काजल कुमारी शामिल हैं.

## खेल

### भारत ने रोका श्रीलंका का विजय रथ

# 41 रन से हराया, रोहित और कुलदीप ने किया कमाल

**कोलंबो।** एशिया कप 2023 के सुपर चार ग्रुप में अपने दूसरे मुकाबले में टीम इंडिया ने श्रीलंका को 41 रन से हरा दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने एशिया कप 2023 के फाइनल में जगह बना ली है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.1 ओवर में 213 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 41.3 ओवर में 172 रन पर सिमट गई। भारत के लिए सबसे ज्यादा 53 रन कप्तान रोहित शर्मा ने बनाए। राहुल ने 39 और किशन ने 33 रन का योगदान दिया। श्रीलंका के लिए दुनिथ वेलालगे ने पांच और चरिथ असालंका ने चार विकेट लिए। श्रीलंकाई पारी में दुनिथ वेलालगे ने सर्वाधिक 42* रन बनाए। धनंजय डे सिल्वा



ने 41 रन का योगदान दिया। भारत के लिए कुलदीप यादव ने चार विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिए। फाइनल में भारत का सामना श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच के विजेता से होने की संभावना है। हालांकि, बारिश की वजह से मैच रद्द होने पर समीकरण बदल सकते हैं, लेकिन बांग्लादेश की टीम फाइनल की रेस से बाहर हो चुकी है और भारतीय टीम की जगह फाइनल में पक्की हो चुकी है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पिच को देखते हुए टीम इंडिया ने शार्दुल ठाकुर की जगह अक्षर पटेल को मौका दिया। रोहित और गिल की जोड़ी ने एक बार फिर शानदार शुरुआत की। दोनों ने मिलकर पावरप्ले में 65 रन जोड़ दिए। पहले विकेट के लिए रोहित-गिल के बीच 11.1 ओवर में 80 रन की साझेदारी हुई।

दुनिथ वेलालगे ने गिल को क्लीन बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ी। अगले ओवर में उन्होंने विराट कोहली को भी तीन रन के स्कोर पर आउट कर दिया और अपने तीसरे ओवर में वेलालगे ने रोहित को भी बोल्ड कर दिया और टीम इंडिया मुश्किल में आ गई। आउट होने से पहले रोहित ने 48 गेंद में सात चौके और दो छक्कों की मदद से 53 रन बनाए। एशिया कप में उन्होंने लगातार तीसरी पारी में अर्धशतक लगाया।

## सिनेमा

### रजनीकांत की 'जेलर' को UK और USA में 'जवान' ने छोड़ा पीछे, बनी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी फिल्म



शाहरुख खान की लेटेस्ट रिलीज 'जवान' का क्रेज जबरदस्त चल रहा है. भारत में 'जवान' सबसे तेज 300 करोड़ रुपये कमाने वाली फिल्म बन चुकी है. यहां तो साउथ से लेकर नॉर्थ तक फिल्म धुआंधार कमाई कर ही रही है, मगर विदेशों में भी दर्शक 'जवान' के लिए क्रेजी हैं. गुरुवार को रिलीज हुई शाहरुख की ये फिल्म इंटरनेशनल मार्किट में हॉलीवुड की कई बड़ी फिल्मों को टक्कर दे रही है.

इंडियन फिल्मों की बड़ी इंटरनेशनल मार्केट्स में 'जवान' ने पहले वीकेंड से ही धमाका करना शुरू कर दिया दिया. यूके और यूएसए में शाहरुख की फिल्म ने सीधा उस स्टार को टक्कर देनी शुरू कर दी है, जिसे खुद इंटरनेशनल लेवल पर बड़ा इंडियन स्टार माना जाता है. सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' 10 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज हुई और अब तमिल सिनेमा की दूसरी सबसे बड़ी फिल्म बन चुकी है. 'जेलर' ने यूके-यूएसए में भी दमदार कमाई की थी. लेकिन अब 'जवान' सिर्फ पहले वीकेंड में ही इसे पीछे छोड़ चुकी है.

शाहरुख की फिल्म ने यूके में पहले वीकेंड पर 1.35 मिलियन पाउंड (14 करोड़ रुपये) से ज्यादा ग्रॉस कलेक्शन किया. यूके में पहले वीकेंड सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली इंडियन फिल्म 'पठान' है.

# थाने के बाहर खुदकुशी करने वाला था

## सूदखोरी से परेशान होकर पेट्रोल छिड़ककर खुद को लगाई आग, गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समीपस्थ महू के कोतवाली थाना परिसर में मंगलवार रात करीब नौ बजे एक युवक ने खुद को आग लगा ली। युवक को जलता देख मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी तुरंत युवक के पास पहुंचे और आग बुझा युवक को सिविल अस्पताल लेकर गए। यहां से उसे निजी अस्पताल रैफर कर दिया गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टर ने उसे इंदौर रैफर किया है।**

आग लगाने वाला युवक अक्षय यादव यादव मोहल्ले में रहता है। उसने पुलिसकर्मियों को बताया कि वह ब्याज के रुपए के लेनदेन से परेशान था उसने यादव मोहल्ले में रहने वाले जय पिता धर्म सिंह यादव से 20 हजार 2 साल पहले ब्याज पर लिए थे। इसके बाद से अभी तक वह लाखों रुपए उन लोगों को दे चुका है। उसके बाद भी ब्याज पर पैसे देने वाले उसे लगातार परेशान कर रहे थे। युवक मंगलवार को थाने पहुंचा और अपना वाहन थाने से थोड़ा दूर खड़ा किया। वह खुद पर पेट्रोल डालकर आया था। थाना के बाहर पहुंचते ही उसने खुद को लाइटर से आग लगा ली। जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने आग बुझाई और युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे। युवक करीब 40 प्रतिशत झुलसा है। जिसके बाद उसे इंदौर रैफर किया गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया कि युवक ने खुद को आग लगाई है। पुलिसकर्मियों ने आग बुझाई और उसे अस्पताल लेकर गए। प्राथमिक रूप से रूपए के लेनदेन और सूदखोरी का मामला सामने आ रहा है। घायल युवक के बयान के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## फैक्ट्री से गिरा युवक, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ इलाके में काम के दौरान एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत से गिरने से युवक की मौत हो गई। बिल्डिंग के सरिए में लॉक लगाने के दौरान हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक शव का बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।**

पुलिस के मुताबिक घटना उद्योग नगर की है। यहां करण (19) पुत्र बलराम निवासी नायता मुंडला मंगलवार शाम करीब चार बजे एक बिल्डिंग की छत पर सरिए बांधने के दौरान लॉक लगा रहा था। वह 30 फीट उंचाई पर सिर के बल झुककर काम कर रहा था। इसी दौरान वह नीचे आ गिरा। उसे सिर में गंभीर चोट लगने के चलते चचेरा भाई लोकेश और अन्य कर्मचारी एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां कुछ देर उपचार के बाद उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक हादसे को लेकर जांच की जा रही है। लापरवाही बरतने वाले के मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## घर से स्कूल के लिए निकली शिक्षिका गुमशुदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र पिथमपुर के बगदून थाने में एक पिता ने अपनी 20 वर्षीय युवती के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। उप निरीक्षक ब्रह्मानंद चौहान ने बताया कि फरियादी पिता ने आज सुबह पीथमपुर थाने पर आकर आवेदन दिया की उनकी 20 वर्षीय युवती बगदून के एक निजी स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। जो आज सुबह स्कूल जाने का बोल कर घर से निकली थी। परंतु वो न तो स्कूल नही पहुंची और न ही वापस घर लौटी। युवती के पिता और उसके भाई ने आस पास खोज की पर युवती का कोई पता नहीं चला। उसका मोबाइल भी बंद आया,तब फरियादी पिता ने थाने पहुंच गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक ब्रह्मानंद चौहान ने बताया की फरियादी पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दि हैं।

# कोचिंग टीचर के कपड़े उतारे

## नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप, परिजनों ने खरगोन से आकर की पिटाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा से कोचिंग इंस्टीट्यूट के टीचर ने छेड़छाड़ कर दी। छात्रा ने टीचर का वीडियो बनाकर परिजनों को भेज दिया। परिजनों ने खंडवा से आकर टीचर को बुलाकर हाई कोर्ट के सामने पीट दिया। गुस्साए परिजनों ने टीचर के कपड़े भी उतार दिए। परिजनों ने आरोपी टीचर को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

तुकोगंज पुलिस के मुताबिक गीताभवन के एक कोचिंग सेंटर पर एक छात्रा नीट की तैयारी कर रही है। वह खरगोन से इंदौर पढऩे आई है। छात्रा के साथ वहीं के टीचर ने अश्लील हरकत की। इस मामले में छात्रा ने अपने परिजनों को शिकायत की। बुधवार सुबह परिजन इंदौर पहुंचे। कोचिंग से टीचर को बाहर बुलाया और उसकी बुरी तरह से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं टीचर के बीच सडक़ पर कपड़े उतार दिए और उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

परिवार का आरोप है कि दो टीचर उसे आए दिन परेशान कर रहे थे। कुछ दिन पहले कैंटीन में भी उसके साथ हरकत की। जब छात्रा ने इस बात का विरोध किया तो टीचर ने उसे कोचिंग से निकालने की धमकी दी वहीं कॉल कर धमका रहा था। छात्रा ने बताया कि दोनों टीचरों ने एक्स्ट्रा क्लास लेने के नाम पर कई बार उसके साथ हरकत करने की कोशिश की। जिसके बाद परेशान होकर उसने यह बात अपनी बुआ को बता दी। बुआ ने छात्रा के चचेरे भाइयों को जानकारी दी। सुबह छात्रा के परिजनों ने टीचर को कॉल किया। उसके आते ही उसे बुरी तरह से पीटकर पुलिस के सुपुर्द किया गया।

# नर्सिंग स्टूडेंट के फोटो वायरल करने की धमकी

## फोन पर बोला आरोपी- तुम्हारी बहन चाहिए, नहीं तो 5 लाख दो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर पुलिस ने छात्रा और उसकी बहन की शिकायत पर कॉलेज में ही पढऩे वाले आरोपी छात्र के खिलाफ 5 लाख रुपए के लिए ब्लैकमेल करने के मामले में कार्रवाई की है। आरोपी फोटो वायरल करने के लिए धमका रहा था। अफसरों ने पूरी बात सुनने के बाद मामला ब्लैकमेलिंग का होने की बात कही। आरोपी पर केस दर्ज कर लिया गया। इधर, पुलिस ने आरोपी को पकडऩे के लिए छापेमारी की लेकिन वह नहीं मिला। आरोपी के खिलाफ छह माह पहले भी नर्सिंग स्टूडेंट ने छेड़छाड़ के मामले में शिकायत की थी।**

टीआई नीरज मेंढा के मुताबिक 24 साल की युवती थाने पर लिखित शिकायत की। इस मामले में आरोपी बिलाल पुत्र असलम चौहान के खिलाफ ब्लैकमेल कर फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए 5 लाख रुपए मांगने के मामले में केस दर्ज किया गया है। युवती के मुताबिक उसकी बहन के साथ कॉलेज में आरोपी भी पढ़ाई करता है।

### छेड़छाड़ की कर चुकी है शिकायत

पीड़िता ने बताया कि उसकी बहन निजी कॉलेज से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। यहीं पढऩे वाला आरोपी कॉलेज से आते-जाते समय बहन को परेशान करता है। फरवरी 2023 में उसके खिलाफ आजाद नगर थाने में छेड़छाड़ के मामले में केस दर्ज करा दिया था।

### बहन से बात कराओ नहीं तो फोटो वायरल कर दूंगा

पीड़िता ने बताया कि वह पार्लर में काम करती है। उसकी बहन ने जब आरोपी को लेकर शिकायत की तो उसने कुछ दिन परेशान करना बंद कर दिया। एक दिन पहले आरोपी ने मेरे मोबाइल नंबर पर कॉल किया और बताया कि बहन से बात कराओ। इस पर उसको समझाया लेकिन वह नहीं माना। उसने कहा कि मुझे तुम्हारी बहन ही चाहिए। इसके बाद उसने कहा कि तुम लोगों ने केस कर दिया। मेरी काफी बदनामी हो गई। उस केस में मेरा काफी खर्च भी हो गया। बहन से बात कराओ नही तो उसे बदनाम कर दूंगा। आरोपी ने मोबाइल पर कहा कि उसके पास बहन के फोटो और वीडियो हैं। उसे वह वायरल कर देगा। अगर बचना है तो 5 लाख रुपए देना होंगे। पीड़िता ने अपने माता-पिता और परिवार के लोगों को मामले की जानकारी दी। रात में कुछ लोग और परिवार के लोग थाने पहुंचे थे, उसके बाद केस दर्ज किया गया।

## 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पीथमपुर औद्योगिक नगरी पीथमपुर के थाना सेक्टर 1 के अंतर्गत एक 65 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। थाना प्रभारी संतोष दूधी ने जानकारी देते हुए बताया कि पीथमपुर सेक्टर 1 थाना क्षेत्र के बोकनेश्वर महादेव मंदिर तारपुरा सेक्टर 2 स्थित पहाड़ी पर स्थित सुलभ शौचालय में रहने वाली 65 वर्षीय महिला उसके पुत्र के साथ शौचालय में बने कमरे में निवास करती थी।

कल रात करीब 10 बजे जब महिला का पुत्र उसके तारपुरा स्थित मकान में खाना लेने गया था। उसी समय एक अज्ञात युवक सुलभ के पुरुष स्नानागार के पीछे की वेंटिलेशन खिडक़ी तोड़ कर सुलभ कांप्लेक्स में घुसा और वहां बने कमरे में महिला के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और फरार हो गया। पीड़ित महिला ने थाने पहुंच अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी और अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। वहीं बुजुर्ग महिला का मेडिकल परीक्षण करवाया गया।

## कुत्ते को रस्सी से बांधकर घसीटने का वीडियो वायरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मंगलवार को महू के चक्की वाले महादेव मंदिर के पास रस्सी से एक कुत्ता बंधा था और बाइक से उसे सडक़ पर घसीटा जा रहा था। इस दौरान काफी देर तक कुत्ता चिल्लाते और तड़पता रहा। तभी यहां से निकलने वाले राहगीरों ने बाइक चालक को रोका और घायल कुत्ते को उसके चंगुल से छुड़ाया। घटना दोपहर करीब 1 बजकर 30 बजे की है। यहां चक्की वाले महादेव मंदिर के समीप लोगों की भीड़ लग गई। राहगीरों ने बताया कि कई किलोमीटर दूर से एक व्यक्ति बाइक के पीछे रस्सी बांधकर कुत्ते को घसीटा हुआ ला रहा है। बड़ी मुश्किल से उसे मंदिर के पास रोका तो कहने लगा यह कुत्ता कई लोगों को काट चुका है, इसलिए इसे कहीं छोडऩे जा रहा हूं। जब लोगों ने उसका विरोध किया और बोले यह कौन सा तरीका है। छोडऩे जाने का तो क्रूरता करने वाला व्यक्ति हंसने लगा और कुत्ते को बीच रोड पर ही छोडक़र बाइक पर बैठकर निकल गया। इस दौरान काफी देर तक कुत्ता रोड पर ही तड़पता रहा। तभी यहां मौजूद लोगों ने उसे साइड में बिठाकर पानी और बिस्किट खिलाया।

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
अपने आसपास के भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।
*****
कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करे। या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करे
www.dgr.co.in
www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com
(आपके सुझाव/लेख/न्यूज़/सूचना का सदैव स्वागत है)

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।